2 फरीदाबाद
कंगाल निगम : सरकार को राजस्व का चूना लगा पर्यावरण से कर रहे खिलवाड़

6 अभिमत
चीनी खतरे पर जापानी प्रतिक्रिया

9 देश-विदेश
हज में वीआईपी कोटा किया खत्म मुस्लिम धर्मगुरुओं ने किया स्वागत

11 सेहत
एंटीबायोटिक्स लेने से बढ़ सकता है पार्किंसन रोग

RNI NO. HARHIN/2018/75109
फरीदाबाद, बृहस्पतिवार, 19 जनवरी, 2023

फरीदाबाद, नई दिल्ली, लखनऊ और रायपुर से प्रकाशित

# पायनियर

ई-पेपर www.pioneerhindi.com पर पढ़िए YouTube सब्सक्राइब करें Pioneer Haryana



गिल का दोहरा शतक न्यूजीलैंड को मिला 350 रन का लक्ष्य

पेज - 12

# स्वास्थ्य के लिए कॉलेज ने चलाया स्वच्छता अभियान




**फरीदाबाद।** स्वच्छता हमारे शरीर, मन, पोशाक, घर, परिवेश और अन्य कार्य क्षेत्र को साफ और स्वच्छ रखने की क्रिया है। आसपास के क्षेत्रों या घर में गंदी चीजें कीटाणु, बैक्टीरिया, वायरस और फंगस पैदा करने वाली विभिन्न बीमारियों को जन्म देती हैं।

इससे संबंधित जानकारी देने के लिए अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ के स्वच्छता सेनानी क्लब ने छात्रों के बीच स्वच्छता और स्वच्छता के महत्व को बढ़ावा देने के लिए महाविद्यालय परिसर में 18 जनवरी, 2023 को सामाजिक और बौद्धिक स्वास्थ्य के लिए स्वच्छता अभियान शुरू करके स्वच्छता जागरूकता सात दिवसीय कार्यक्रम मनाया। इस प्रतियोगिता का विषय था अपशिष्ट प्रबंधन। स्वच्छता अभियान का आयोजन प्राचार्य डॉ. कृष्णकांत के निर्देशन में किया गया। उन्होंने बताया कि सामाजिक और बौद्धिक स्वास्थ्य के लिए आसपास के क्षेत्रों और पर्यावरण की स्वच्छता बहुत आवश्यक है।